26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 24 जुलाई , 2026
अंक- 270 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# Friends..

## पीएम मोदी ने आधी रात को जेन जी के नाम वीडियो संदेश जारी किया



नई दिल्ली। दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन और उसे देश-विदेश में मिल रहे समर्थन से मोदी सरकार काफी हद तक दवाब में आ गई है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामने आकर रात 12 बजे छात्रों (जेन जी) को वीडियो संदेश देना पड़ा।

आमतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी टीवी, रेडियो या वीडियो संदेश जारी करते हैं तो उसकी शुरूआत 'मित्रों' संबोधन से करते हैं, लेकिन कल रात पहली बार उन्होंने फ्रेंड्स शब्द का इस्तेमाल किया। दरअसल, प्रधानमंत्री जेन जी से कनेक्ट करना चाहते थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि सरकार पेपर लीक के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान करने वाला कानून बनाएगी। पीएम ने बताया कि कैबिनेट में इससे जुड़े मसौदे पर आज चर्चा होगी और सख्त फैसले लिए जाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। साथ ही इसे जल्द पास कराने की कोशिश होगी।


पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर 2.56 मिनट का एक वीडियो मैसेज पोस्ट किया, जिसमें कहा- पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। लाखों छात्रों, उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक से अब तक, पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं। हमारी जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो, इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया।

उन्होंने यह भी कहा- हम इतने से संतोष करने वाले नहीं हैं। इसलिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश दिया है। विभागों ने देर रात मुझे मसौदा भेजा है। इसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट और कठोर सजा के प्रावधान हैं। इस पर शुक्रवार को कैबिनेट के बीच चर्चा होगी।

## राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री, प्रधान को हटाएं!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो संदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे आधी रात का बेकार वीडियो बताया। उन्होंने लिखा- मिस्टर मोदी, हमारे छात्र धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आधी रात के इस बेकार वीडियो से उनकी समझदारी का अपमान न करें।

सम्बंधित खबर पेज 3 पर












# एनपीके के नाम पर अमोनियम सल्फेट बेचने का आरोप, भाकियू अराजनैतिक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## भ्रामक पैकेजिंग पर तत्काल रोक और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, गन्ना किसानों को फसल उत्पादन प्रभावित होने का जताया खतरा

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर जनपद में किसानों को भ्रामक तरीके से बेचे जा रहे अमोनियम सल्फेट उर्वरक की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।




संगठन का आरोप है कि कृषि विभाग, उर्वरक अनुभाग, लखनऊ द्वारा निजी क्षेत्र में आपूर्ति के लिए एचयूआरएल (HURL) को एनपीके उर्वरक का आवंटन किया गया था। इसके बावजूद किसानों की शिकायत है कि निजी दुकानों पर बड़े अक्षरों में 'एनपीके' और छोटे अक्षरों में 'अमोनियम सल्फेट' लिखकर उर्वरक बेचा जा रहा है, इससे किसान इसे एनपीके समझकर खरीद रहे हैं।

भाकियू (अराजनैतिक) ने कहा कि इस तरह की पैकेजिंग से उत्पाद की वास्तविक पहचान छिपाने और किसानों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन के अनुसार यह उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 की भावना एवं प्रावधानों के विपरीत है। कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश के पूर्व में जारी पत्रों का हवाला देते हुए संगठन ने कहा कि भ्रामक नाम, पैकेजिंग अथवा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री दंडनीय है।

ज्ञापन में कहा गया कि अधिकांश किसान बैग पर बड़े अक्षरों में लिखे नाम और सरकारी व्यवस्था पर भरोसा कर उर्वरक खरीदते हैं। छोटे अक्षरों में लिखे तकनीकी विवरण पर ध्यान नहीं जाने के कारण वे इसे एनपीके समझ लेते हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने के साथ फसल उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। संगठन ने कहा कि जिस प्रकार वनस्पति घी को शुद्ध देसी घी बताकर नहीं बेचा जा सकता, उसी प्रकार अमोनियम सल्फेट को एनपीके का आभास देकर बेचना भी अनुचित और भ्रामक है।

संगठन ने विशेष चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की आपूर्ति मुख्य रूप से गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में की जा रही है। गन्ने की फसल के लिए नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश तीनों पोषक तत्व आवश्यक हैं, जबकि अमोनियम सल्फेट नाइट्रोजन और सल्फर का स्रोत है। ऐसे में यदि किसान इसे एनपीके समझकर इस्तेमाल करते हैं तो फसल में फॉस्फोरस और पोटाश की कमी हो सकती है, जिससे उत्पादन, गुणवत्ता और किसानों की आय प्रभावित होने की आशंका है। भाकियू (अराजनैतिक) ने स्पष्ट किया कि संगठन को अमोनियम सल्फेट की उसकी वास्तविक पहचान के साथ बिक्री पर कोई आपत्ति नहीं है। आपत्ति इस बात पर है कि यदि किसी उर्वरक को उसकी वास्तविक पहचान छिपाकर या एनपीके का आभास देकर बेचा जा रहा है तो यह किसानों के साथ छल और कृषि उत्पादन के साथ खिलवाड़ है। संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की कि जनपद में एचयूआरएल के एनपीके नाम से भ्रामक तरीके से बेचे जा रहे अमोनियम सल्फेट की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और संबंधित विक्रेताओं व जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान, जिला मीडिया प्रभारी देवानंद भुइयार, संजीव अहलावत, कपिल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा का आंदोलन तेज, 21 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा

## 25 सितंबर को लखनऊ में होगी महारैली, आंदोलन की रणनीति को लेकर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

**बिजनौर (चिंगारी)।** टीईटी की अनिवार्यता, एनपीएस और निजीकरण के विरोध तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने आंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु से मुलाकात कर आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। चंद्रहास सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा पेंशन बचाओ मंच लगातार संघर्ष कर रहा है। आंदोलन के अगले चरण में 21 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए 25 जुलाई को सिंचाई विभाग स्थित फील्ड हॉस्टल में दोपहर दो बजे बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में शिक्षक और कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारी यदि संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित रूप से सुखद परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि संघर्ष के बल पर देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है। इसी संघर्ष के चलते उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में विज्ञापन के आधार पर नियुक्त शिक्षकों और कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था का लाभ देने का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रमेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# कितने हस्सास थे अश्क...

## आज शाम सुनिये आकाशवाणी पर

**बिजनौर (चिंगारी)।** मारूफ़ शायर महेंद्र अश्क़ के जन्म दिवस पर विशेष रूपक 'कितने हस्सास थे अश्क़' आज 24 जुलाई, शुक्रवार शाम 07:30 बजे सुनें आकाशवाणी नजीबाबाद से news on AIR या waves ott app पर प्रसारित किया जायेगा। वाचन स्वर: श्वेता भट्ट और सचिन शर्मा प्रतिभागी कलाकार- प्रमोद सिंह, लोकेंद्र विश्वकर्मा, अंजना टोंक, नंदिनी माहेश्वरी, आलेख: अमन त्यागी,



प्रस्तुति सहयोग- यशोधर डबराल

प्रस्तुति एवं परिकल्पना- शोभित शर्मा

सुनने के लिए news on air app पर जाएं अथवा https://onlineradiofm.in/stations/all-india-air-najibabad पर सुनें।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER
एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# प्रधान के इस्तीफ़े तक प्रदर्शन करेंगे- दिपके

## पीएम दवाब में हैं, इसलिये देर रात वीडियो जारी किया- सीजेपी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल आधी रात को जारी किये गये वीडियो संदेश के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने एक वीडियो जारी कर कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तक जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। दिपके ने दो टूक कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते या उन्हें मंत्री पद से हटाया नहीं जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सोनम वांगचुक के 26 दिन के अनशन और छात्रों/युवाओं की संघर्ष और शहादत को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उधर, कॉकारोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि सरकार हमारे दवाब में है, इसलिये पीएम को रात 12 बजे वीडियो जारी करना पड़ा। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दें कि जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन में बढ़ती भीड़ को देखते हुए आज सेंट्रल दिल्ली में राजीव चौक और



लोक कल्याण मार्ग सहित 17 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिये गये हैं। देर रात संसद मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने बेरिकेडस तोड़ दिये थे। उधर, कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर आज देश में कई स्थानों पर छात्रों और युवाओं ने प्रदर्शन किये। सरकार और कॉकरोच जनता पार्टी के बीच कांस्टीटयूशन क्लब दिल्ली में वार्ता चल रही है। जिस पर पूरे देश की नजरें लगी हुई हैं।

# एक हजार महिलाओं को कल प्रेशर कुकर दिये जायेंगे


श्रीमती आभा सिंह

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह की ओर से कल 25 जुलाई को फीना स्थित बैंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार विधवा व दिव्यांग महिलाओं में नि:शुल्क प्रेशर कुकर का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान होंगे। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती रही है। इसी माह आभा फाउंडेशन की ओर से दो बहनों की शादी कराई गई, जबकि कुछ माह पूर्व 500 छात्राओं को साईकिल दी गई। हजारों लोगों की आंखों की जांच, मोतियाबिंद के आप्रेशन, दवाईयां व चश्मे दिये गये।

# फ़र्ज़ी नर्सिंग होम सील



**शेरकोट ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत पर गुरूवार को नगर में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद नगर के मुहल्ला निकम्माशाह में संचालित एक अवैध नर्सिंग होम को सील कर दिया। कुछ दिन पूर्व नगर के मुहल्ला फतेहनगर निवासी कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर गढ़ी मंदिर के निकट बिना वैध डिग्री और योग्यता के अवैध नर्सिंग होम चलने की शिकायत की गई थी, जिसमें नर्सिंग होम में गलत उपचार कर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने और केस बिगड़ने पर उसे इधर-उधर रैफर कर देने आदि आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की गई थी। शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार की दोपहर नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आरोपों की जांच की तो अनियमितताएं पाई गईं। नोडल अधिकारी के मुताबिक नर्सिंग होम संचालक अपना लाइसेंस व अन्य कागज़ात नहीं दिखा पाए, जिस कारण सील लगा दी गई है और नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से झोलाछाप डाक्टरों में हड़कंप मच गया।

आवश्यकता है
कंप्यूटर टाइपिस्ट की
योग्यता:
केवल पुरुष
• MS Word का ज्ञान
• MS Excel का ज्ञान
• बेसिक कंप्यूटर का ज्ञान अनिवार्य
• टाइपिंग स्पीड: 60 शब्द प्रति मिनट (WPM)
वेतन: ₹ 20,000 प्रति माह
स्थान: A.S. कॉर्पोरेशन, बिजनौर
9927097907




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## ऐसे तो नहीं आयेगा उबाल!

बसपा सुप्रीमो भले ही बासी कढ़ी में उबाल लाने की कोशिश कर रही हों, लेकिन यह संभव नहीं लगता। पिछले कुछ दिनों से बसपा नये सिरे से खुद को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नया रंग-रूप देने की कोशिश कर रही है, परन्तु सच्चाई यही है कि खुद उसका दलित वोट बैंक काफी हद तक उससे छिटक गया है। मायावती की भाजपा समर्थक छवि से मुसलमान भी खुश नहीं हैं। जिस सोशल इंजीनियरिंग के लिये कभी बसपा की मिसाल दी जाती थी, जिसके बल पर कु. मायावती ने 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी थी, अब बसपा के लिये दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। दरअसल, मायावती की ढुलमुल नीति और बात-बात पर भाजपा का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष समर्थन करना खुद उनके समर्थकों को रास नहीं आ रहा। दलित व मुस्लिम तो खुद को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं। और उनका रूझान सपा, कांग्रेस तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव ने बसपा का सपा से गठबंधन था, जिसके आधार पर बसपा को यूपी में लोकसभा की 10 सीटें मिली थीं, जबकि सपा केवल 5 सीटों तक सिमट कर रह गई थी। सब जानते थे कि सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ, लेकिन बसपा का दलित वोट सपा को नहीं मिला था, इसके बावजूद मायावती ने चुनाव के तुरंत बाद यह कहकर गठबंधन तोड़ दिया था कि चुनाव में बसपा को सपा का वोट ट्रांसफर नहीं हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफ हो गया। इसके बावजूद मायावती भाजपा के दवाब में एकला चलो का राग अलापे जा रही हैं। मान्यवर कांशीराम के नेतृत्व में बसपा ने दलितों, शोषितों और वंचितों को लामबंद करने के लिये लंबा संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ, लेकिन मान्यवर के निधन के बाद बसपा उनकी राह से भटक गई। मायावती ने संघर्ष के बजाए समझौता चुना, जिसके कारण उन पर भाजपा की बी-टीम होने का ठप्पा चस्पां हो गया, जिसे हटाने के लिये भी मायावती कोई जतन नहीं कर रहीं।

# क्या कॉकरोच आंदोलन अपना मक़सद हासिल कर सकेगा?

सरकार इनकी मांगें मानकर अपनी अब तक किसी आंदोलन के सामने नहीं झुकने की परम्परा नहीं तोड़ना चाहेगी। उसे यह भी डर है कि मंत्री का इस्तीफ़ा लिया तो कल प्रधानमंत्री का इस्तीफ़ा न मांगा जाने लगे। साथ ही ऐसी मांगें बढ़ते जाने और माने जाने से सरकार दब्बू, डरपोक और कमज़ोर नज़र आ सकती है। हर विरोध करने वाले को सरकार देशद्रोही, खालिस्तानी, पाकिस्तानी और विदेशी साज़िश रचने वाला अर्बन नक्सल बताती रही है। मोदी सरकार खुद को सेवक की जगह स्वामी और जनता को आज्ञाकारी सेवक बनाना चाहती है।



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

मई माह में कुछ छात्रों और युवाओं ने ऑनलाइन कॉकरोच जनता पार्टी बनाई थी। अभिजीत दीपके के नेतृत्व में बनी इस पार्टी के उसी दिन दो करोड़ फॉलोवर बनने पर लोगों को हैरत हुई थी। इसके मुखिया दीपके जब अमेरिका से 6 जून को भारत लौटे तो युवाओं ने उनको सर आंखों पर लिया। जैसा कि इस पार्टी के नाम से ही लगा कि यह एक सटायर यानी हास्य व्यंग्य के तौर पर मज़ाक में बना हल्का संगठन है। लेकिन जब इसी बैनर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवाओं ने पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन का पहला दौर शुरू किया तो लोगों ने इस पार्टी को संजीदगी से लेना शुरू किया।

सीजेपी की शुरू में एक ही मांग थी कि बार-बार लीक हो रहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर की जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफ़ा दें। जब यह मांग धरने से पूरी नहीं हुई तो सीजेपी ने 20 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ दिया। इस दौरान सोशल एक्टिविस्ट और शिक्षाविद सोनम वांगचुक सीजेपी के जंतर-मंतर पर किए जा रहे आंदोलन में समर्थन देने के लिए आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने 19 दिन भूख हड़ताल की। उनका वज़न 9 किलो से ज्यादा घट गया। मामला दिल्ली हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने सरकार को सोनम की सेहत का ख़याल रखने को कहा। सरकार ने सोनम को पुलिस से उठवाकर हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। इसके बाद सीजेपी के मुखिया दीपके ने आंदोलन को तेज़ कर दिया। उन्होंने खुद आमरण अनशन करने का ऐलान कर दिया। लेकिन एक दिन बाद ही उनको कुछ वरिष्ठ नागरिक अनुभवी समाजसेवी और सुलझे हुए राजनेता यह समझाने में सफल हो गए कि धरने अनशन और प्रदर्शन का इस सरकार पर कोई असर नहीं होता। इसके बाद दीपके ने एक दिन में ही अनशन खत्म कर संसद मार्च का ऐलान कर दिया। अब कॉकरोच पार्टी की मांगें बढ़कर शिक्षामंत्री के रिजाइन के साथ-साथ पेपर लीक के सदमे से मरने वाले 21 छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ मुआवज़ा और सोनम वांगचुक को रिहा करने तक बढ़ चुकी हैं।



इस दौरान जब सीजेपी ने जंतर-मंतर से संसद की तरफ़ कूच किया तो आश्चर्यजनक ढंग से उनकी संख्या चार-पांच हज़ार से बढ़कर अचानक एक लाख से भी अधिक हो गई। इस मार्च की अनुमति सरकार से नहीं मिली थी। पुलिस ने संसद से काफी पहले छात्रों के मार्च को रोका। जब वे नहीं रुके तो उन पर लाठीचार्ज किया गया। आरोप है कि पुलिस ने पेलेट गन यानी छर्रे वाली बंदूक और शॉक बेटन यानी करंट लगाने वाली लाठी का इस्तेमाल भी किया, लेकिन सरकार ने इस दावे को खारिज कर दिया। यह भी चर्चा है कि आंदोलनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने को पुलिस और अन्य अर्द्धसैनिक बलों के साथ सिविल ड्रेस में ऐसे लोग भी लाठीचार्ज कर रहे थे जिनके बारे में यह स्पष्ट नहीं है कि बिना वर्दी, बिना बैज और बिना नेम प्लेट के ये प्राइवेट फोर्स किन लोगों की थी। बाद में पुलिस ने इनको अपने ही जवान बताया। कई छात्र-छात्राओं ने लाठीचार्ज के दौरान गंभीर चोटें आने, जानबूझकर घायल करने और अश्लील हरकतें करने के भी आरोप लगाए हैं। निष्पक्ष जांच के बाद ही पता लगेगा कि प्राइवेट लोग कौन थे और जो आरोप लग रहे हैं उनमें कितना सच है और कितनी अफ़वाहें हैं।

समय रहते सरकार ने सीजेपी से बात कर इस आंदोलन को निबटाने की कोशिश नहीं की। जिस दिन संसद मार्च हो रहा था और छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज हुआ उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सीजेपी के नेताओं से बात की, लेकिन तत्काल उनकी एक भी मांग नहीं मानी। इससे आंदोलकारी और भड़क गए।

बर्बर लाठीचार्ज और युवाओं को जानबूझकर नुक़सान पहुंचाने की शिकायतें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं, लेकिन कई ग़ैर ज़रूरी और अपेक्षाकृत कम महत्व के मुद्दों पर सुमोटो लेने वाली बड़ी अदालतों ने तत्काल सुनने से इन मामलों को यह कहते हुए मना कर दिया कि कोर्ट को सियासत में मत घसीटिए और इन मामलों में फौरन सुनवाई कोर्ट का कीमती टाइम ख़राब करना माना जाएगा। ऐसे जनहित के मुद्दों पर याचिकाएं सुनते हुए अदालतें काफ़ी समय से इसी तरह का रुखा रुख अपना रही हैं, जिससे सरकार को काफ़ी राहत मिल जाती है।

कॉकरोच आंदोलन सफल होगा या नहीं यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन मोदी सरकार की अब तक की कार्यशैली देखते हुए यही संकेत मिल रहे हैं कि वह सीजेपी की मांगों को नहीं मानेगी। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बहुत पहले कह चुके हैं कि हमारी सरकार में इस्तीफ़े नहीं होते। यह लेख लिखे जाने तक आंदोलन जारी है।

घायल छात्र-छात्राएं गुस्से में हैं, वे फिर से जंतर-मंतर पर जमा हो रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार के इस मिथक को तो तोड़ दिया है कि लोग डर से शासन-प्रशासन और पुलिस के खिलाफ़ आंदोलन नहीं करेंगे। इसके साथ ही देर से सही लेकिन सरकार ने सीजेपी नेताओं से बात करके यह भी भ्रम तोड़ दिया कि यह सरकार विरोध करने वालों से बात तक नहीं करती।

सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान चीफ़ जस्टिस द्वारा कुछ युवाओं को कॉकरोच बताने के जवाब में बनी कॉकरोच जनता पार्टी आज मोदी सरकार के गले की फांस बन गई है। उसने आंदोलन करके दो मकसद तो शुरू में ही हासिल कर लिए थे। इनमें एक निडर होकर सरकार के खिलाफ़ आंदोलन और दूसरा विरोध करने वालों से कभी भी बात नहीं करने वाली मोदी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा सीजेपी नेताओं से समझौता वार्ता करना। अब जबकि विपक्ष भी खुलकर सीजेपी के आंदोलन के साथ खड़ा हो गया है, सरकार के लिये और मुसीबत बढ़ गई है। सरकार इनकी मांगें मानकर अपनी अब तक किसी आंदोलन के सामने नहीं झुकने की परम्परा नहीं तोड़ना चाहेगी। उसे यह भी डर है कि मंत्री प्रधान का इस्तीफ़ा लिया तो कल प्रधानमंत्री का इस्तीफ़ा न मांगा जाने लगे। साथ ही ऐसी मांगें बढ़ते जाने और माने जाने से सरकार दब्बू, डरपोक और कमज़ोर नज़र आ सकती है। हर विरोध करने वाले को सरकार देशद्रोही, खालिस्तानी, पाकिस्तानी और विदेशी साज़िश रचने वाला अर्बन नक्सल बताती रही है। मोदी सरकार खुद को सेवक की जगह स्वामी और जनता को आज्ञाकारी सेवक बनाना चाहती है। वह विपक्ष को भी विरोध एक सीमा तक ही करने देती है। केवल एक साल से अधिक आंदोलन करने वाले किसान ही 700 लोगों की बलि देकर मोदी सरकार को पहली बार कृषि कानून वापस लेने को मजबूर कर सके थे। देखना यह है कि सरकार फिर से झुकती है या युवा आंदोलन बिना मकसद हासिल किए कुछ दिन में खत्म हो जाएगा।

**( नोट : लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं।)**

# विडम्बना : एक भी पाठक आज तक पुस्तकालय में नहीं पहुंचा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद परिसर में विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के अध्ययन के लिए शुरू किया गया सार्वजनिक पुस्तकालय लोगों की उदासीनता का शिकार बना हुआ है। पुस्तकालय खुलने के बाद से अब तक अध्ययन के लिए एक भी पाठक नहीं पहुंचा है। ऐसे में नगर व क्षेत्र के लोगों की शिक्षा के प्रति घटती रुचि और अभिभावकों की जागरूकता पर सवाल उठ रहे हैं।






नगर पालिका परिषद परिसर में स्थित सार्वजनिक पुस्तकालय में पसरा सन्नाटा।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद ने युवाओं और विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तकालय को पूरी तरह व्यवस्थित किया है। यहां लगभग 200 से अधिक पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है। इसके अलावा सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पुस्तकें, दैनिक समाचार पत्र तथा अन्य आवश्यक संदर्भ सामग्री भी रखी गई है।

पुस्तकालय की देखरेख कर रहे पालिका कर्मचारी रोबिन गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका कार्यालय की निर्धारित कार्य अवधि के दौरान कोई भी इच्छुक व्यक्ति पुस्तकालय में आकर नि:शुल्क अध्ययन कर सकता है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। लेकिन अब तक एक भी छात्र, प्रतियोगी परीक्षार्थी या अन्य पाठक अध्ययन के लिए नहीं पहुंचा है।

## अभिभावक भी उदासीन

**स्थानीय नागरिकों विश्वास कुमार, शंकर, विकास कुमार, अजय आदि का कहना है कि आज अधिकांश बच्चे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। जबकि अभिभावक भी उन्हें पुस्तकालय जैसी उपयोगी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित नहीं कर रहे हैं। यदि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से पुस्तकालय भेजने के लिए जागरूक हों और बच्चे भी अध्ययन की आदत विकसित करें तो यह सार्वजनिक पुस्तकालय निश्चित रूप से उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बन सकता है।**

# खेत में अचेत अवस्था में मिला युवक

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर मेहरू उर्फ धर्मोवाला में एक युवक खेत पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए सीएचसी नगीना ले जाया,जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया है।

बताया जाता है कि गांव निवासी चंद्रपाल सिंह का पुत्र विनीत 24 वर्ष आज सवेरे 8 बजे अपने खेत पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। परिजन तुरंत ही उसे उपचार के लिए सीएचसी नगीना ले गए, जहां चिकित्सक द्वारा उसकी हालत नाजुक देखते हुए बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया है। चर्चा है कि किसी बात को लेकर विनीत ने कीटनाशक पी लिया है जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर अवस्था में उसका बिजनौर के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### मेरा नाम करेगी रोशन..

## अपनी लगन के रंगों से सपने साकार करना चाहती है राशि



**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक क्षेत्र धामपुर की धरा इन दिनों एक नन्ही प्रतिभा की चमक से आलोकित हो रही है। इसी पावन माटी की निवासी बारह वर्षीय मेधावी छात्रा राशि अग्रवाल ने अपनी छोटी सी उम्र में एक बड़ी मिसाल कायम की है। रानी फूल कुवरि मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली राशि ज्ञान और कला का एक अद्भुत संगम है। वह न केवल अपनी पढ़ाई में अव्वल रहती है, बल्कि उनके भीतर ईश्वर की दी हुई एक बेहद खूबसूरत कला भी वास करती है। राशि को बचपन से ही चित्रकला यानी ड्राइंग का बहुत गहरा शौक है। जब भी उनके कोमल हाथों में रंग और ब्रश आते हैं, तो कोरे कागज़ पर उनकी कल्पना के सुंदर रंग बिखर जाते हैं और हर चित्र सजीव हो उठता है। उनकी इस रचनात्मकता और अद्भुत हुनर की सराहना स्कूल के शिक्षकों से लेकर हर सुनने और देखने वाले करते हैं। राशि की इस कलात्मकता के पीछे उनके माता जी श्रीमती शुचि अग्रवाल और पिताजी राहुल कुमार अग्रवाल का अटूट आशीर्वाद, सही मार्गदर्शन और असीम स्नेह है, जिन्होंने अपनी बेटी के सपनों को हमेशा पंख दिए हैं। अपनी इस कला और लगन के दम पर राशि भविष्य में खूब पढ़कर और अपनी चित्रकला को एक नये मुकाम पर ले जाकर अपने माता-पिता, अपने विद्यालय और पूरे देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। इतनी छोटी सी उम्र में राशि के इस ऊंचे और पवित्र संकल्प को देखकर सच में मन गर्व और आनंद से भर जाता है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# उत्तराखंड में नकल माफियाओं पर एक और बड़ी कार्रवाई

# पेपर आउट करने के आरोप में सहायक प्रोफ़ेसर गिरफ़्तार



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में भर्ती एवं शैक्षणिक परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए चल रहे अभियान के तहत दून पुलिस ने नकल माफियाओं के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सेमेस्टर परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट करने के आरोप में शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, झाझरा के सहायक प्रोफेसर आशीष कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रेमनगर में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के अनुसार 8 जुलाई को आयोजित यूटीयू की सम-सेमेस्टर परीक्षा से पहले आरोपी सहायक प्रोफेसर ने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न छात्रों के साथ साझा किए थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्नपत्र का मिलान करने पर साझा किए गए प्रश्नों में काफी समानता पाई गई। विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति ने भी अपनी जांच में पाया कि परीक्षा से पूर्व छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य माध्यमों पर समान प्रश्न साझा किए गए थे।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य संकलित किए और आरोपी सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है तथा इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच जारी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे भर्ती परीक्षाएं हों या विश्वविद्यालय की परीक्षाएं, किसी भी प्रकार की नकल, प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## पेपर लीक पर सरकार के दावे फेल - सूर्यकांत



**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य सूर्यकांत धस्माना ने कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ सालों में लगभग एक दर्जन पेपर लीक हुए हैं। लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया। बेरोजगारी चरम पर है, और सत्ता दल से जुड़े हाकम सिंह व संजय धारीवाल जैसे नकल माफिया सरकारी संरक्षण में नौकरियों की नीलामी कर रहे हैं। श्री धस्माना ने ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पेपर लीक, नकल माफिया और मंदिरों के चढ़ावे की चोरी को जन-जन तक ले जाएगी। यही 3 मुद्दे भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे।**

## भारतीय मजदूर संघ शुगर मिल धामपुर का 73वां स्थापना दिवस मनाया गया

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय मजदूर संघ शुगर मिल धामपुर कार्यालय पर संगठन का 73वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना से लेकर अब तक की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए संगठन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओमप्रकाश सिंह (डायरेक्टर साहब), जयवीर सिंह सिसोदिया, शेखर भडाना, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, मोहन सिंह, गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, राजेंद्र सिंह, मदन सिंह सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का समापन संगठन की एकता, श्रमिक सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## धामपुर के कांग्रेसी पहुंचे जंतर-मंतर

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली में जंतर मंतर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज किए जाने की घटना से व्यथित धामपुर के युवा कांग्रेस नेता कुणाल गांधी एडवोकेट कल अपने साथियों तिलोक चन्द शर्मा, जावेद अंसारी एडवोकेट, प्रखर वशिष्ठ, राहुल बघेल, नौशाद अभिषेक सिंह आदि के साथ दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंचे और केंद्र सरकार की कथित दमनकारी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार में छात्रों पर लाठी चार्ज कर अंग्रेजी शासन काल की याद ताजा कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों से युवा शक्ति पीछे नहीं हटेगी।



जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करते हुए धामपुर के युवा कांग्रेस नेता कुणाल गांधी।

## डीआईजी से मिले पत्रकार

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के पत्रकार दिनेश प्रजापति एवं धामपुर के एक सर्राफा व्यापारी के बीच फेसबुक पर डाली गई एक पोस्ट से चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस प्रकरण को लेकर 22 जुलाई को धामपुर के पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुरादाबाद पहुंचकर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज से मुलाकात कर बिजनौर पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की मांग की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज द्वारा पत्रकारों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनकर विधि संगत कार्यवाही किए जाने का आश्वासन देते हुए प्रकरण की जांच एसएसपी मुरादाबाद को सौंपी गई है। दूसरी ओर आरोपी सर्राफा व्यापारी द्वारा पत्रकार दिनेश कुमार प्रजापति के विरुद्ध धामपुर पुलिस को 50000 रुपए मांगे जाने के संबन्ध में प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। इस संबन्ध में पत्रकार दिनेश कुमार प्रजापति का कहना है कि उनके द्वारा कभी भी संबन्धित सर्राफा व्यापारी से कोई पैसे की मांग नहीं की गई है और कभी भी व्यापारी को फोन तक नहीं किया और न व्यापारी की दुकान पर गया। आरोपी व्यापारी द्वारा पुलिस को गुमराह किए जाने के उद्देश्य से तथा उन्हें दबाव में लेने के लिए फर्जी शिकायत की गई है।

## शिशु मंदिर में मनाई गई तिलक व आज़ाद की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पाल सिंह द्वारा उनके चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के आचार्य अंकित कुमार ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे महान देशभक्तों के कारण भारत माता पराधीनता की बेडियो से आजाद हुई। चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया चंद्रशेखर आजाद एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। आज भी उनके बलिदान को याद करने के लिए जहां अल्फ्रेड पार्क में उनका बलिदान हुआ था उसका नाम बदलकर आजाद पार्क कर दिया गया है।

## गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए किये जा रहे विशेष प्रयास : आशीष शर्मा

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने गुरुवार को धामपुर तहसील क्षेत्र के समस्त प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं यूट्यूबर्स के साथ एक विस्तृत प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता में उन्होंने धामपुर शुगर मिल द्वारा संचालित गन्ना मार्केटिंग, गन्ना विकास, बायो कम्पोस्ट, चीनी उत्पादन एवं एथेनॉल उत्पादन सहित विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष गन्ने की अनुपलब्धता के कारण मिल की पेराई लगभग 27.73 लाख कुंतल कम रही। इसके प्रमुख कारण गन्ना फसल का रोगों से प्रभावित होना, बाढ़-वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाएं तथा द्वितीयक चीनी मिलों को सुरक्षित एवं अभ्यर्पित क्रय केंद्रों का आवंटित हो जाना रहा है। उन्होंने कहा कि धामपुर शुगर मिल की दैनिक गन्ना पेराई क्षमता लगभग डेढ़ लाख क्विंटल है ऐसे में गन्ने की कम पैदावार या आपूर्ति में कमी से पूरे मिल के संचालन पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष किसानों के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास के बारे में उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष वे स्वयं धामपुर शुगर मिल क्षेत्र का प्रतिदिन भ्रमण कर रहे हैं। किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से गन्ने की नई-नई प्रजातियों को अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गन्ने में लगने वाली बीमारियों के प्रति सचेत किया जा रहा है।



पत्रकार वार्ता करते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा।

### नवम्बर के प्रथम सप्ताह में मिल संचालन होगा प्रारंभ

**मिल उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किसानों से साफ-सुथरा एवं स्वच्छ गन्ना ही सप्लाई करने की अपील की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस वर्ष 1 लाख क्विंटल से अधिक क्षमता वाले कच्चे गन्ना खरीद केंद्रों को पक्का किया जाएगा। नवंबर के प्रथम सप्ताह में चीनी मिल का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को 14 दिन के अंदर गन्ना पर्ची, खाद की उपलब्धता एवं गन्ना मूल्य भुगतान किए जाने की मिल की प्रतिबद्धता भी दोहराई।**

# कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

## डीएम ने धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों से मांगा सहयोग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी श्रावण शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था, आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि श्रावण शिवरात्रि महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। इसे सभी के सहयोग और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि वे अपने-अपने अनुयायियों को शांति, सौहार्द एवं कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करें।




डीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए और धार्मिक आयोजनों का संचालन आपसी समन्वय एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि श्रावण शिवरात्रि पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहेगी। उन्होंने कांवड़ मार्गों, प्रमुख शिवालयों एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। साथ ही सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखने तथा भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में अभिनन्दन समारोह आयोजित
# कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राएं किये सम्मानित




टॉपर्स को सम्मानित करते हुए विद्यालय का स्टाफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले कक्षा-10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी के अनुसार पिछले कई वर्षों से बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणामों के कारण प्रियंका मॉडर्न स्कूल जनपद में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। समारोह में कक्षा-10 के टॉपर्स तान्या राजपूत प्रथम स्थान, सुफिका राजपूत

## कक्षा-10 में तान्या राजपूत 96.6 प्रतिशत के साथ टॉपर, 2 छात्राओं ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए

द्वितीय स्थान व अब्दुल हादी तृतीय स्थान को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य विषयों में अधिकतम अंक लाने वाली छात्राओं जिमन रिया सिंह, तान्या सिंह, आयशी नाथ, इशिका सिंह, निजा अंसारी, सुमैया राजपूत, सोनी राजपूत तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले अन्य अब्दुल हादी, ईशा परवीन, आयशिता, शौर्य प्रताप सिंह, रिया सैनी, मयंक प्रताप सिंह आदि शामिल रहे। स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिति सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के समन्वय से ही स्कूल उन्नति की राह पर बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी तबरेज खान ने किया।

# कांवड़ यात्रियों के लिए 30 जुलाई से 28 अगस्त चलेगी स्पेशल ट्रेन

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये अतिरिक्त फोर्स तैनात

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। हरिद्वार जाने के लिए कांवड़ मेला स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। जीआरपी और आरपीएफ ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात की है।

श्रावण मास में आयोजित होने वाले कांवड़ मेला-2026 को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 30 जुलाई से 28 अगस्त तक ट्रेनों के संचालन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। रेलवे के आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 04318 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर तथा 04317 आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला स्पेशल का संचालन प्रतिदिन किया जाएगा। यह मेला स्पेशल ट्रेन 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक संचालित होगी। ट्रेन में 14 सामान्य श्रेणी के कोच तथा दो एसएलआर समेत कुल 16 आईसीएफ कोच लगाए जाएंगे। प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार 04318 योगनगरी ऋषिकेश से शाम 7 बजे रवाना होकर विभिन्न स्टेशनों से होते हुए रात्री 11 बजे नजीबाबाद पहुंचेगी और पांच मिनट ठहराव के बाद 11:05 बजे रवाना होगी। आलमनगर सुबह 10:45 बजे पहुंचेगी।



वापसी में 04317 आलमनगर से दोपहर 12:05 बजे रवाना होकर योगनगरी ऋषिकेश रात 11 बजे पहुंचेगी। नजीबाबाद स्टेशन पर शाम 7:20 मिनट पर पहुंचेगी और सात बजकर 22 मिनट पर रवाना होगी। मेला अवधि में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा किए गए इन अतिरिक्त प्रबंधों से कांवड़ यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को मेला अवधि में ट्रेनों के सुचारु संचालन और यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# किसी को उड़ाना है फाइटर प्लेन, कोई बनना चाहता है अफसर

## आत्मनिर्भरता : रेशम की राखियों से नई डोर बुन रहीं महिलाएं

राजू पाण्डे

**अपने शहर में..**

**नैनीताल ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन पर्व को विशेष बनाने के लिए 'रेशम नई पहल' स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पारंपरिक कला और रचनात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रही हैं। समूह से जुड़ी कविता ऐरी, किरण जोशी, स्मृति आर्या और अन्नू राणा अपने हाथों से आकर्षक रेशम की राखियां तैयार कर रही हैं। इन हस्तनिर्मित राखियों में केवल रंग और सुंदरता ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संस्कृति, महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प भी झलकता है।



प्रत्येक राखी को बड़े धैर्य और बारीकी से तैयार किया जाता है, जिससे यह भाई-बहन के स्नेह के साथ स्थानीय हस्तशिल्प को भी सम्मान देती है। समूह की महिलाओं का उद्देश्य लोगों को 'वोकल फॉर लोकल' से जोड़ना और स्थानीय उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उनका कहना है कि यदि लोग स्थानीय स्तर पर बनी हस्तनिर्मित राखियां खरीदेंगे, तो इससे महिलाओं को रोजगार मिलेगा, उनकी आजीविका मजबूत होगी और उत्तराखंड की पारंपरिक कला को भी नई पहचान मिलेगी। मशीन से बनी राखियों के बजाये स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार की गई रेशम की हस्तनिर्मित राखियों को अपनाएं और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की इस पहल को अपना सहयोग दें।

### मेरा नाम करेगा रोशन..

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** आज के बच्चे केवल सपने ही नहीं देख रहे, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए पूरी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे भी बढ़ रहे हैं। बदलते दौर में बच्चे अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार भविष्य का लक्ष्य तय कर रहे हैं। वहीं अभिभावक भी उनकी इच्छाओं का सम्मान करते हुए बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और हरसंभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



नगर निवासी बिंदु शर्मा पत्नी संजय कुमार की 10 वर्षीय पुत्री तृषा शर्मा जो मारिया स्कूल जसपुर में कक्षा छह की छात्रा है। भविष्य में भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट बनना चाहती है। तृषा का कहना है कि वह देश की सुरक्षा और सेवा के लिए वायुसेना में शामिल होकर आसमान की ऊंचाइयों को छूना चाहती है। उसके अभिभावकों का कहना है कि बेटी के सपने को साकार करने के लिए वे हरसंभव सहयोग करेंगे और उसकी शिक्षा में कोई कमी नहीं आने देंगे। नगर के मोहल्ला गौहर अली खां निवासी दीपाली एवं नितिन कुमार की पुत्री



रिद्धि, जो नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल अगवानपुर में कक्षा आठ की छात्रा है। कला एवं चित्रकला के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती है। रिद्धि का सपना एक सफल चित्रकार बनकर अपनी कला के माध्यम से पहचान स्थापित करना है। उसके माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी जिस भी क्षेत्र का चयन करे वह पूरी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़े तथा एक सफल और अच्छा इंसान बने।




मोहल्ला नायक सराय (जामा मस्जिद) निवासी शहनाज सलीम एवं सलीम शेख के बच्चे आलिया सलीम और आहिल सलीम जो कि जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर में क्रमशः कक्षा 12 और कक्षा 10 के छात्र-छात्रा हैं। अपने-अपने लक्ष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आलिया का सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है और वह इसके लिए नीट की तैयारी कर रही हैं। वहीं आहिल आईपीएस अधिकारी बनकर कानून व्यवस्था को मजबूत करने और समाज की सेवा करने का सपना देख रहा है। उनके अभिभावकों का कहना है कि दोनों बच्चों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए वे हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।



वहीं नगर के मोहल्ला किला निवासी रीना रस्तोगी एवं हर्ष रस्तोगी की 15 वर्षीय पुत्री मनसा रस्तोगी जो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अफजलगढ़ में कक्षा 11 की छात्रा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाकर देश और समाज के लिए कार्य करना चाहती है। उसके माता-पिता का कहना है कि बेटी की इच्छा को पूरा करने के लिए वे उसे हरसंभव सहयोग और बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं।

**प्रस्तुति : नितिन दिनेश कौशिक**




## सनातन परम्परा का अत्यंत दिव्य आध्यात्मिक पर्व- देवशयनी एकादशी

देवशयनी एकादशी केवल एक व्रत या तिथि नहीं, बल्कि सनातन परंपरा का एक अत्यंत दिव्य और आध्यात्मिक पर्व है। इस दिन संपूर्ण ब्रह्मांड के पालनहार, जगत के रक्षक और धर्म के आधार भगवान श्रीहरि विष्णु योगनिद्रा में प्रवेश करते हैं। उनके इस दिव्य शयन के साथ ही चातुर्मास का शुभारंभ होता है- एक ऐसा काल जो साधना, संयम, भक्ति, आत्मचिंतन और सात्विक जीवन का संदेश देता है। सिविल लाइंस स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के पुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी का पर्व 25 जुलाई, दिन शनिवार को मनाया जाएगा। इस पवित्र तिथि के साथ ही सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले चातुर्मास का शुभारंभ भी होगा, जो लगभग चार माह तक चलेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस अवधि में भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीर सागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं, और सृष्टि के संचालन का भार भगवान शिव संभालते हैं।



देवशयनी एकादशी का व्रत नियमपूर्वक करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन सुबह स्नान कर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए। भगवान विष्णु को पीले पुष्प, तुलसी दल, पंचामृत और नैवेद्य अर्पित करने का विधान है। श्रद्धापूर्वक नमो भगवते वासुदेवाय और नमः शिवाय मंत्रों का जाप करना अत्यंत शुभकारी होता है।

पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि एकादशी तिथि आज 24 जुलाई को सुबह 9:12 बजे से प्रारंभ होकर 25 जुलाई को पूर्वाह्न 11:34 बजे तक मान्य रहेगी। देवशयनी एकादशी का व्रत श्रद्धा और विधि-विधान से करने पर मनुष्य के जाने-अनजाने में हुए पापों का नाश होता है। यह व्रत मोक्ष, दीर्घायु, सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने वाला माना गया है।

### चातुर्मास : संयम, साधना और दान का काल

देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होकर कार्तिक मास तक चलने वाले चातुर्मास को आत्मसंयम, भक्ति, तप, जप और दान का श्रेष्ठ काल माना जाता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों को स्थगित कर दिया जाता है, क्योंकि इस दौरान भगवान विष्णु की अनुपस्थिति मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चातुर्मास में सात्विक जीवन अपनाने तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने से आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इस चार माह की अवधि में संयम, साधना, सत्संग, सेवा और दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। यह समय स्वयं को ईश्वर भक्ति में लीन करने और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत उपयुक्त है।



**-अभिलाष शर्मा,**
विष्णुलोक, सिविल लाइन,
बिजनौर

# कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भारतीय नौसेना अधिकारी हरपिन्द्र सिंह तथा भारतीय सेनानायक रविंद्र काकरान, पवन कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ठ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर आधारित कविताएं, विचार व्यक्त कर शहीद वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि हरपिंदर सिंह व रविन्द्र काकरान ने लीडर शिप के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन जैसे गुणों को महत्वपूर्ण बताया तथा बच्चों को अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित योद्धाओं के नामों से परिचित कराया। इसी अवसर पर ग्यारवीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व भारतीय सेनाधिकारियों ने विद्यार्थियों को सशस्त्र बलों में उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र सेवा तथा समर्पण के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने, शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त रहने, कड़ी मेहनत व सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने भी उनसे आपसी संवाद किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति जागरूक बनाने के साथ उनमें देश भक्ति, राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आयशा, अविका, अरीबा, अली व रोहन ने किया। इस अवसर पर अध्यापक वैभव भारद्वाज, हार्दिक व प्रियंका उपस्थित रहे।




# किसान केवल पेशा नहीं बल्कि जीवन होता है: हबीबुर्रहमान

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान सम्मान स्वाभिमान समारोह का आयोजन कुमकुम गार्डन में अचल शर्मा जिला अध्यक्ष बिजनौर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यत: पुराने कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से संपर्क करना एवं किसानों की आवाज को बुलंद करना था। जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेश प्रताप सिंह रहे। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष हबीबुर्रहमान ने कहा कि किसान केवल पेशा नहीं बल्कि जीवन होता है, उनके पसीने की एक-एक बूंद से मिट्टी सोना बनती है। किरतपुर तहसील प्रभारी मुफ्ती जुबैर ने कहा कि किसानों के बिना देश अधूरा है। संगठन मंत्री अहसान ने कहा कि किसान देश की शान है। जैनुल आबेदीन ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। कार्यक्रम में आए सिख समाज से ऋषिपाल सिंह सिख भानु ने संगठन को आगे बढ़ाने की अपील की। मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद दानिश पाशा ने कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी किसानों की समस्याओं का समाधान कराते है। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि जिला अध्यक्ष अचल शर्मा संगठन का विस्तार कर गरीबी की आवाज बन रहे हैं। मनव्वर अली ने कहा कि खाली हरा गमछा ही काम नहीं करता है। इनके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजीव अमरोही, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अचल शर्मा, डॉ. निर्दोष गुर्जर ने विचार रखते हुए किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ने की बात कही। डॉ. निर्दोष की अध्यक्षता एवं नगर अध्यक्ष मनव्वर अली के संचालन में कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष विकुल चौधरी, अरशद मलिक, कपिल गौड़, एहसान मंसूरी, मुनव्वर, सरताज चौधरी, इमरान, इरफान, सुनील कुमार, अशोक उपाध्याय, सुनील कुमार, कारीगर मोहित मलिक, आबिद, कोमल प्रजापति, संदीप वर्मा, बलवीर वर्मा के साथ सहारनपुर, अमरोहा, संभल, रामपुर के सभी जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ महिलाएं मौजूद रही।



# मानसिक रूप से परेशान ट्रैकमैन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय रेलवे कॉलोनी में रहने वाले एक मानसिक रूप से परेशान ट्रैकमैन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। हरदोई के माधवगंज निवासी राकेश कुमार (33वर्ष) नजीबाबाद रेल विभाग में ट्रैकमैन के पद पर तैनात था, वह अपनी पत्नी के साथ नजीबाबाद की रेलवे कॉलोनी में स्थित मकान नम्बर ई-17डी में रहता था। बीती रात वह अलग कमरे में सो रहा था। इसी दौरान उसने वहां छत के कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर गले में डालकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि कर्ज व अन्य कारणों से राकेश पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। सूचना मिलने पर चद्यौकी सराय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव फांसी के फंदा से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को हरदोई फोन पर दे दी है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# किसान नेता फुरकान खान ने किया रेस्टोरेंट का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत जलालाबाद के समीप नाज फास्ट फूड रेस्टोरेंट का भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने रेस्टोरेंट के स्वामी अहसान मोनू को मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर मौ. फुरकान खान, जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, अफसर कुरैशी, मौ. आसिफ, इकराम अंसारी, आफताब राईन, नफीस अहमद, समीर, नईम आदि मौजूद रहे।



# निषाद पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम व सीओ का किया स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। निषाद पार्टी के जिला महासचिव डॉक्टर जुनैद अंसारी के नेतृत्व में निषाद पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पुलिस सीओ आकांक्षा गौतम से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों अधिकारियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने नजीबाबाद क्षेत्र में उनके कार्य की सराहना की। इस अवसर पर निषाद पार्टी के जिला महासचिव डॉ. ऋषिपाल कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कश्यप, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष डॉक्टर एहसान उस्मानी, महिला मोर्चा की जिला महासचिव सोनिया कश्यप, शिखा वर्मा, विनय वर्मा, शहिद अहमद, डॉ. दिले राणा, डॉ. दिनेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# पुलिस ने शंकराचार्य प्रतिनिधि को लखनऊ जाने से पहले ही हाउस अरेस्ट किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। केंद्र व प्रदेश सरकार राजनीतिक लोगों के साथ धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को भी अपना आंदोलन नहीं चलाने दे रही है। इसी क्रम में जगदुरू शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद के नगर के मौहल्ला दरबाराशाह निवासी प्रतिनिधि हिमांशु भारद्वाज को पुलिस ने दो दिन से उनके पूरे परिवार के साथ हाउस अरेस्ट कर रखा है। शंकराचार्य के प्रतिनिधि हिमांशु भारद्वाज ने बताया कि जगदुरू शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद ने गौरक्षा के लिए पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की जिन 403 विधानसभाओं में गौरक्षा यात्रा की थी, उनसे जुड़े लोगों को गौरक्षक बनाने के लिए आज 24 जुलाई को लखनऊ बुला रखा था। पुलिस ने लखनऊ रवाना होने से पूर्व ही उन्हें घर पर कांस्टेबल लगाकर अरेस्ट करा रखा है। हिमांशु भारद्वाज ने बताया कि पुलिस ने उनके साथ उनके पिता, भाई व परिवार के अन्य सदस्यों को भी हाउस अरेस्ट कर रखा है। उन्होंने कहा कि जगदुरू शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद का गौरक्षा के लिए आंदोलन जारी रहेगा तथा आगे के आंदोलन की प्रक्रिया की जा रही है।

# पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को दूसरे दिन भी हाउस अरेस्ट किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। दिल्ली में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन में जाने से रोकने के लिए पुलिस ने दूसरे दिन भी कांग्रेस के नेताओं को हाउस अरेस्ट किया। लगातार दूसरे दिन भी नजर बंद रहे कांग्रेस नेता अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि छात्रों के प्रति सरकार का यह तानाशाही व असंवेदनशील रवैया अत्यंत निंदनीय है। शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सत्ता में बैठी सरकार छात्रों की मांगों को स्वीकार करे। देश का विपक्ष मजबूती से युवाओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष छात्र-छात्राओं व युवाओं के साथ न्याय लेकर रहेगा। पुलिस ने कांग्रेस के जिला सचिव एम. अकरम खां को वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह कुशवाहा के साथ चौकी पुलिस के कांस्टेबल सौरभ यादव ने दूसरे दिन भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट रखा। उन्होंने कहा कि इस तरह से उनकी आवाज दबने वाली नहीं है।

# ट्रेड डील और छात्रों के आंदोलन को लेकर राकियू ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय किसान यूनियन (राकियू) ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिजनौर स्मृति मिश्रा को सौंपकर किसानों तथा आंदोलनरत छात्रों से सम्बन्धित मांगों को सरकार के समक्ष रखा है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से दो मांगें रखी गई हैं। पहली मांग है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील से कृषि उत्पादों एवं डेयरी क्षेत्र को बाहर रखा जाये, ताकि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा उन पर इस ट्रेड डील का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इन क्षेत्रों को ट्रेड डील में शामिल किया गया, तो भारतीय किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित प्रभावित होंगे, जिससे किसान बर्बाद हो जायेंगे। दूसरी मांग में दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की न्यायिक जांच करायी जाये। अर्जुन सिंह, जगराम सिंह, ललित चौहान, अशोक तोमर, उदयवीर सिंह, हुकम सिंह, बीरबल सिंह, रजत मलिक, विनित चिकारा, इकबाल, अशोक राजपूत, यवनीत चौहान, यशपाल सिंह, अमित राणा, अंकित कुमार, आरिफ खान, अकील, नंदकिशोर सहित काफी किसान मौजूद रहे।

# घर में घुस रहा था अजगर, ग्रामीणों ने पकड़कर जंगल में छोड़ा



**नांगल सोती (चिंगारी)।** गत रात्रि ग्राम खानपुर (नांगल) में एक घर के सामने विशालकाय अजगर देखा गया। अजगर के बस्ती में आ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम के आने से पूर्व ही कुछ साहसी ग्रामीणों ने अजगर को बोरी में बंद कर लिया और वन क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया।

रात्रि लगभग 11 बजे ग्राम खानपुर (नांगल) निवासी ओमप्रकाश सिंह के घर के सामने उक्त विशालकाय अजगर तब देखा गया, जब उस रास्ते से एक युवक स्कूटी से गुजर रहा था। अजगर सड़क के बीचोबीच पड़ा हुआ था। अंधेरे में नजर न आने के कारण स्कूटी का पहिया जब अजगर के ऊपर चढ़ गया, तब युवक को अजगर की मौजूदगी का पता लगा। इस बीच अजगर को घर में घुसता देख वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही कुछ ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए उसे बोरी में बंद कर लिया। ग्रामीणों ने अजगर को खादर क्षेत्र में ले जाकर वन सीमा में छोड़ दिया। वन विभाग की राजगढ़ रेंज की टीम उसके बाद मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी कर वापस लौट गई।

## स्योहारा पुलिस की किलेबंदी बेअसर साबित हुई

# पूर्व विधायक नईम उल हसन पहुंचे रामपुर



**स्योहारा (चिंगारी)।** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश आने के बाद सपा प्रमुख ने एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के नेतृत्व में रामपुर भेजा। प्रतिनिधिमंडल में वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि शामिल होने थे। पूर्व विधायक नईम उल हसन के आवास पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दी, लेकिन नईम उल हसन पुलिस को चकमा देकर रामपुर पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए। नईम उल हसन ने पुलिस की किलेबंदी को तोड़ दिया, जिसकी नगर में चर्चा थी कि नेता अगर जनता की लड़ाई लड़े तो उसे कोई किलेबंदी नहीं रोक सकती है। इस दौरान नगर के कई सपा नेता पूर्व विधायक के साथ मौजूद रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष द्वारा पूर्व विधायक को न रोक पाने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को फटकार लगाई है।

# बाइक व स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत

## पत्नी, साली व सात माह की बच्ची घायल



**बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर-किरतपुर हाईवे पर गुरुवार को परम पब्लिक स्कूल के पास स्कूटी और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी, सात माह की बच्ची और साली घायल हो गईं।**

जानकारी के अनुसार ग्राम बरूकी निवासी मोहित (28) पुत्र गजरेश बुधवार को ग्राम रावली में अपने रिश्तेदार के यहां जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। गुरुवार को वह अपनी पत्नी राखी, साली सोनम और सात माह की बच्ची के साथ बाइक से अपनी ससुराल, थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव गाज़ीपुर जा रहा था। परम पब्लिक स्कूल के निकट सामने से आ रही स्कूटी से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सभी सड़क पर गिर पड़े। मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी, बच्ची और साली घायल हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद जब मोहित का शव गांव बरूकी पहुंचा तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# आज़ाद और तिलक की जयंती मनाई



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया तथा छात्र-छात्राओं को चंद्रशेखर आजाद की देश भक्ति एवं क्रांतिकारी विचारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजाद भारत माता को अंग्रेजों से आजाद करना चाहते थे। उन्होंने जीवन भर आजाद रहने की शपथ ली थी। जब उन्हें अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद प्रयागराज में अंग्रेजों द्वारा घेर लिया गया तो उन्होंने अंग्रेजी सिपाहियों का डटकर मुकाबला किया और जब एक गोली उनके रिवाल्वर में शेष रही और उन्होंने देखा कि मैं यहां से बच नहीं पाऊंगा तो उन्होंने वह गोली स्वयं को मार ली और मृत्यु की गोद में सो गये, लेकिन अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं आए और सदैव आजाद ही रहे। महाराष्ट्र में जन्मे लोकमान्य तिलक ने भारत की स्वतंत्रता हेतु समाचार पत्र केसरी एवं मराठा का प्रकाशन किया तथा जनसाधारण में राष्ट्रीय चेतना का विकास किया तथा कहा कि स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा। राधिका, रीत अग्रवाल, अंशिका, दिव्यांशु, इति विश्नोई आदि भैया-बहनों ने दोनों महापुरुषों से संबंधित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में रमाकांत तिवारी, आनंद भूषण यादव, मनोज शर्मा, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा।

# कांवड़ यात्रा मार्गों को दुरुस्त करायें, अतिक्रमण हटवायें

## शिवसेना की मांग



**चांदपुर (चिंगारी)। शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में सावन की शिवरात्रि को ध्यान में रखते हुए ऊबड़-खाबड़ रास्तों को सही कराने तथा कांवरतियों के गुजरने वाले मार्गों पर लटकी विद्युत लाइनों को तुरंत ऊपर कराये जाने की मांग की गई।**

नगर स्थित बसंती देवी धर्मशाला में मुकेश कुमार लाम्बा की अध्यक्षता एवं अतुल शर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने कहा कि इस बार सावन की शिवरात्रि 11 अगस्त को है। शिवरात्रि पर बुलंदशहर, अलीगढ़ संभल आदि स्थानों के हजारों की तादाद में कांवरती हरिद्वार से गंगाजल लेकर चांदपुर से होकर गुजरते हैं,जिसको ध्यान में रखते हुए मार्गों पर एम्बुलेंस व रोशनी की समुचित व्यवस्था की जाये, डग्गामार वाहनों को बंद कराया जाए, चौराहों पर किये गये अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए तथा मार्गों पर स्थित मास की दुकानों व मांसाहारी होटलों को बंद कराये जाने की प्रशासन से मांग की गई। बैठक में संदीप कुमार, सतीश कुमार, रितुल शर्मा, गुड्डू गौतम, मुकेश प्रजापति, अरूण सैनी, महेश कश्यप, सतीश कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे।

# जिले में 157 तालाबों के निर्माण व पुनरोद्धार कार्य का एक साथ शुभारंभ

## जल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले में 500 से अधिक तालाब चयनित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह के मार्गदर्शन में विकसित भारत जी-राम जी अभियान के अंतर्गत जल सुरक्षा (वॉटर सिक्योरिटी) को प्राथमिकता देते हुए जनपद में एक साथ 157 तालाबों के निर्माण एवं पुनरोद्धार कार्यों का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत जिले में 500 से अधिक तालाबों का चयन किया गया है, जिनमें प्रथम चरण में 157 तालाबों पर कार्य प्रारंभ कराया गया।

अफजलगढ़, बूढ़नपुर स्योहारा, धामपुर, हल्दौर, जलीलपुर, किरतपुर, कोतवाली, मोहम्मदपुर देवमल, नजीबाबाद, नहटौर तथा नूरपुर समेत विभिन्न विकास खंडों में एक साथ तालाबों की खुदाई एवं पुनरोद्धार कार्य शुरू कराया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विकास खंड हल्दौर की ग्राम पंचायत गोरखपुर टोपरी में तालाब पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ करते हुए ग्रामीणों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जल की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और पानी बचाने का संकल्प लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से सफल होने वाला जनआंदोलन है। इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने विकास खंड मोहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत भोजपुर भोपतपुर में तालाब के कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, प्रमुख धामपुर एवं नूरपुर सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न स्थलों पर फावड़ा चलाकर अभियान का शुभारंभ किया और ग्राम प्रधानों, सचिवों, तकनीकी सहायकों, ग्राम रोजगार सेवकों एवं श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया।

उपायुक्त (श्रम रोजगार) को निर्देश दिए गए कि चयनित सभी 500 से अधिक तालाबों पर अगस्त 2026 के प्रथम सप्ताह तक कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। साथ ही तालाबों के कैचमेंट एरिया, इनलेट और आउटलेट का तकनीकी मानकों के अनुरूप विकास सुनिश्चित करने तथा तालाबों के किनारों पर छायादार पौधों का रोपण कराने के निर्देश भी दिए गए।

TATA MOTORS | Better Always
COMMERCIAL VEHICLES
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# गुलदार के हमले के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव विजय नंगला निवासी दो युवकों अमन (17) पुत्र सीता राम व वंश (15) पुत्र पवन कुमार बाइक द्वारा नूरपुर से घर वापस जा रहे थे। रास्ते में गुलदार ने हमला करके उन्हें घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा गुलदार के हमले की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों के आह्वान पर वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की बात की। बृहस्पतिवार को वन दारोगा मुकुल त्यागी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। इस दौरान यूनियन के जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेंद्र सिंह, अमित कुमार, गजराज सिंह, अभय चौधरी, हिमांशु चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को न्याय दिलाना प्राथमिकता : संगीता

## सदस्य राज्य महिला आयोग ने सर्किट हाउस में की जनसुनवाई



जनसमस्याओं के अंतर्गत महिलाओं की समस्या सुनते हुए संगीता जैन अग्रवाल।

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन ने सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न एवं महिला हितों से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान सदस्य के समक्ष कुल 11 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर सदस्य श्रीमती संगीता जैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रदेश में महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रत्येक महिला को सम्मानपूर्वक एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी महिला के साथ किसी प्रकार का अन्याय या उत्पीड़न होता है तो उसकी शिकायत पर तत्काल सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट युवराज श्रीवास्तव, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस, महिला थाना प्रभारी, मझोला थाना प्रभारी, अधीक्षक कारागार, शिक्षा विभाग के अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक गुंजन तिवारी, मनोसामाजिक काउंसलर तनिषा दिवाकर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रेनू आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में गई हिमांशु की जान, तीन गिरफ्तार



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदीपुर में दो दिन पूर्व हुए चर्चित हिमांशु त्यागी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम आनंदीपुर निवासी सतीश कुमार के पुत्र हिमांशु त्यागी का रक्तरंजित शव ग्राम के ही एक खेत में पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान ग्राम निवासी आकाश पुत्र नौबत सिंह, संजीव कुमार उर्फ भंडारी पुत्र पूरन सिंह तथा सिद्धांत कुमार पुत्र देवेंद्र के नाम प्रकाश में आए। पुलिस पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। थानाध्यक्ष मृदुल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण प्रेम प्रसंग सामने आया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# बंदर के कूदने से बिजली का तार टूटा मकान मालिक की मौत

नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव गौहावर हल्लू में निर्माणधीन मकान में आराम कर रहे युवक की बिजली के करंट से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी संजय सिंह ( 50 ) के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे संजय आराम करने के लिए लेट गया। परिजनों के अनुसार मकान के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार पर बन्दर के कूदने से तार टूटकर संजय के ऊपर गिर गया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन छोटे बच्चों और बुजुर्ग व बीमार माता-पिता को छोड़ गया। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसकी सास की रीढ़ की हड्डी में दिक्कत है और सास-ससुर दोनों बीमार रहते हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो

# क्या सपा इस बार किसी सैनी को मैदान में उतारेगी?

चांदपुर ( चिंगारी )। यूपी विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बाकी रह गए हैं। चुनाव नजदीक देख यहां से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी दीपक सैनी के चांदपुर विधानसभा से 10 हजार से अधिक वोटों की लीड लेने से इस बार चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर सैनी समाज के व्यक्ति के चुनाव लड़ने की क्षेत्र में जोरदार चर्चा है। हालांकि चर्चाओं में कितना दम है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**चांदपुर विधानसभा 2022**

| विधानसभा चुनाव | 2022 |
|---|---|
| स्वामी ओमवेश सपा-रालोद गठबंधन | 90522 |
| कमलेश सैनी भाजपा | 90288 |
| डा. शकील हाशमी बसपा | 37359 |

वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने रालोद से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। सपा-रालोद गठबंधन ने स्वामी ओमवेश को उम्मीदवार बनाया था, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने उस समय की विधायक श्रीमती कमलेश सैनी को दोबारा मैदान में उतारा था। सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी स्वामी ओमवेश मात्र 234 वोट से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे। स्वामी ओमवेश को 90522 व भाजपा प्रत्याशी कमलेश सैनी को 90288 मत मिले थे। इस बार रालोद का भाजपा के साथ गठबंधन है। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बिजनौर लोकसभा से दीपक सैनी को उम्मीदवार बनाया था, जबकि रालोद-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने चंदन चौहान को चुनाव मैदान में उतारा था। चुनाव में वैसे तो चंदन चौहान की जीत हुई, लेकिन विधानसभा चांदपुर से सपा प्रत्याशी दीपक सैनी ने 10 हजार से अधिक वोटों की लीड ली थी। चांदपुर विधानसभा में रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी चंदन चौहान को 78075 वोट, जबकि समाजवादी पार्टी प्रत्याशी दीपक सैनी को 88691 वोट मिले थे।

# गंगाधर तिलक की जयंती मनाई

किरतपुर ( चिंगारी )। कल विद्यालय में बाल गंगाधर तिलक की जयंती वंदना के समय मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने तिलक जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्वलित किया। जयंती प्रमुख आचार्य अनिल कुमार ने बाल गंगाधर तिलक के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने भैया-बहनों को प्रेरित किया कि हमें भी महापुरुषों के जीवन से अपने जीवन को लाभान्वित करना चाहिए, उनके द्वारा बताए गए सत्कर्मों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# पुलिस की गाड़ी से टक्कर में युवक का पैर टूटा



चंदक ( चिंगारी )। 112 पुलिस की बोलेरो गाड़ी और एक बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाइक सवार का पैर टूट गया जिसे बिजनौर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां बाजार में मंडावर रोड पर बाइक सवार मोनू निवासी ग्राम भूमिदान (रायपुर सादात) की बाइक मोड़ते समय 112 पुलिस की गाड़ी के आमने-सामने से टक्कर हो गई। मोनू यहां अपनी ससुराल आया हुआ था। टक्कर से बाइक सवार मोनू घायल हो गया। उसका पैर बुरी तरह टूट गया। घटना के बाद वहां भीड़ एकत्र हो गई। 112 गाड़ी के पुलिसकर्मी ही घायल को अस्पताल ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है।

# तालाबों के जीर्णोद्धार का शुभारंभ हुआ




नूरपुर ( चिंगारी )। विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत नूरपुर देहात में विकसित भारत जी राम जी के अन्तर्गत जल संरक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डा. दिनेश पाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर ने जोहड़ी वाले तालाब पर कार्य का शुभारम्भ/उद्घाटन किया तथा विकास खण्ड में इसके अतिरिक्त 51 ग्राम पंचायतों में चयनित तालाबों का जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डा. दिनेशपाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर ने तालाब पर पौधारोपण भी किया। डा. दिनेशपाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर ने विकसित भारत जी राम जी योजना के बारे में जानकारी देते हुए जल संरक्षण के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर नरेश कुमार ग्राम प्रशासक नूरपुर देहात, सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास, योगेश कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सुनील कुमार अवर अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, राकेश कुमार तथा नीरज कुमार ग्राम पंचायत सचिव, शशिकमल रोजगार सेवक, पूजी देवी महिला मेट आदि मौजूद रहे।

# तीन वारंटी गिरफ्तार

किरतपुर ( चिंगारी )। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत किरतपुर पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न मामलों में वांछित तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए वारंटियों में हुसैनपुर निवासी जाकिर पुत्र शरीफ, नंगला इस्लाम निवासी अमित कुमार पुत्र बाबूराम तथा बाबूराम पुत्र सुक्खे सिंह शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उपनिरीक्षक गौरव मलिक, हेड कांस्टेबल प्रवेंद्र, कांस्टेबल सोनपाल, आरक्षी उमेश एवं आरक्षी सूरज की टीम ने संयुक्त रूप से की। पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया।

# जौहर इंस्टीट्यूट का एमएससी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

किरतपुर ( चिंगारी )। मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर (रसायन विज्ञान) 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें वर्निका राजपूत ने 7.28 सी.जी.पी.ए. के साथ प्रथम स्थान, निशात फातिमा ने 6.78 सी.जी.पी.ए. के साथ द्वितीय स्थान और मौहम्मद नादिर ने 6.49 सी.जी.पी.ए. के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर



कॉलेज के प्रबन्धक मौहम्मद साईम राजा साहब ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आदर्श नागरिक बनकर देश एवं समाजसेवा करने का आह्वान किया। विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिज़वाना खान ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में हुई बैग अरेंजमेंट गतिविधि

किरतपुर ( चिंगारी )। आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, किरतपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सुव्यवस्थित अध्ययन की आदत विकसित करने के उद्देश्य से बैग अरेंजमेंट गतिविधि का आयोजन किया गया। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों को समय-सारिणी के अनुसार अपने स्कूल बैग को सही ढंग से व्यवस्थित करने, अनावश्यक सामग्री को अलग रखने तथा पुस्तकों, कॉपियों एवं आवश्यक अध्ययन सामग्री को क्रमबद्ध तरीके से रखने का अभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुव्यवस्थित बस्ता न केवल अनुशासन की भावना विकसित करता है, बल्कि अध्ययन को भी अधिक प्रभावी



एवं सहज बनाता है। विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल व एम.डी. दर्शित अग्रवाल ने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों में अनुशासन, समय प्रबंधन एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# नोडल अधिकारी ने घर जाकर पीड़िता का हाल-चाल जाना




बीमार युवती का हाल-चाल पता करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला निकम्माशाह निवासी मौ. आबिद ने कुछ सप्ताह पूर्व उच्च अधिकारियों से शिकायत कर लड्डन चौक के निकट दुकान करने वाले एक डॉक्टर को झोलाछाप बताते हुए उसके ग़लत उपचार से अपनी युवा पुत्री की हालत बेहद बिगड़ने और डाक्टर पर अभद्रत व्यहवार व धक्का-मुक्की करने आदि का आरोप लगाया था। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी डाक्टर की बंद मिली दुकान व कुछ दूरी पर स्थित मकान को सील कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिन बाद आरोपी के मरीजों को भर्ती करने वाले मकान पर लगी सील खोल दी थी। इससे पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त हो गया। कल दोपहर स्वास्थ्य विभाग की टीम के शेरकोट पहुंचने का पता लगने पर आबिद और उनकी पत्नी मौके पर पहुंच गई और अपने मामले में हुई कार्रवाई पर और सील खोले जाने पर असंतोष जताया। जिस पर नोडल अधिकारी ने आबिद के घर पहुंचकर उनकी बीमार पुत्री का हाल-चाल जाना और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सत्यवीरा डिग्री कॉलेज का बी.कॉम. ऑनर्स का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**बिजनौर( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित बी.कॉम. ऑनर्स तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से महाविद्यालय में हर्ष का वातावरण है। परीक्षा परिणाम यजिका चौधरी ने 66.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिया चौधरी ने 65.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि तुषा ने 65.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। बी.कॉम. विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीतम सैनी एवं समस्त प्राध्यापकों प्रिया शर्मा, काजल एवं अनुज कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



यजिका चौधरी | रिया चौधरी | तुषा सिंह

# युवती को अपने साथ भगा ले गया मनु

**नूरपुर ( चिंगारी )। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 20 जुलाई की रात समय करीब दस बजे क्षेत्र के गांव बूढ़पुर निवासी युवक मनु उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी युवती का कोई पता नहीं चला। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए अपनी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।**

# शिक्षकों से बैठक में पहुंचने की अपील

**शेरकोट ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने नगर के आर.एस.एम. इन्टर कालेज में मीटिंग कर 26 जुलाई को धामपुर के आर एस एम इंटर कालेज में आयोजित होने वाली बैठक में शामिल होने की अपील की। बृहस्पतिवार को जिला मंत्री विनोद कुमार नगर के आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे और शिक्षकों के साथ मीटिंग कर 26 जुलाई को होने वाली बैठक को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संगठन प्रत्याशी घोषित किए गए डॉ. सुनित गिरि को जिताने पर जोर देते हुए कहा कि वे विजय होने पर शिक्षकों की लंबित समस्याओं, जैसे पुरानी पेंशन योजना की बहाली, वित्तहीन शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, पदोन्नति के बाद वेतन विसंगतियों का समाधान आदि लंबित मुद्दों को विधान परिषद में प्रभावी ढंग से उठाएंगे। इससे पूर्व भ्रमण पर निकले विनोद कुमार ने बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद, एचसीएम इन्टर कालेज कासमपुर गढ़ी, इन्टर कालेज सादकपुर, पीजेएम इन्टर कालेज, दक्ष आर्दश इन्टर कालेज में पहुंचकर शिक्षकों से सम्पर्क किया और बैठक में पहुंचने की अपील की। मीटिंग में प्रधानाचार्य शमशाद, कैलाश चन्द्र, विजयपाल सिंह, मोहम्मद नफीस अंसारी, सुरेन्द्रपाल, रिहान अहमद, ईस अहमद, मोहम्मद आलम, मोहम्मद शहजाद, अरशद हुसैन आदि शिक्षक मौजूद रहे।



# तलाकशुदा पति ने होटल में बुलाकर गलत काम किया

**नगीना ( चिंगारी )।** एक महिला ने अपने तलाकशुदा पति पर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने कहा कि उसका विवाह तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी तालिब के साथ हुआ था। बताया गया कि कुछ समय बाद उनका तलाक हो गया था। कहा गया कि तलाक के बाद उसकी शादी चांदपुर निवासी एक व्यक्ति के साथ हो गई थी। आरोप लगाया गया कि शादी के समय तालिब ने वीडियो बनाकर अश्लील फोटो खींच लिए थे। यह भी आरोप लगाया गया कि तालिब व ग्राम प्रधान ने फोटो व वीडियो दिखाकर उसका रिश्ता (शादी) खत्म करा दी थी। आरोप यह भी लगाया गया कि तालिब उसको ब्लैकमेल कर रहा था। मुकदमे में कहा गया कि तालिब ने फोटो व वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे नगीना के एक होटल पर बुलाकर उसके साथ बिना मर्जी गलत काम किया तथा फोटो व वीडियो डिलीट करने से मना कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

# तिलक व आज़ाद की जयंती मनाई



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद के चित्र के सम्मुख विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह जयंती प्रमुख राजकुमार, ऋषिपाल सिंह, कामना शर्मा विद्यालय के समस्त आचार्य आचार्या ने पुष्पार्चन कर बड़े हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई गई। तत्पश्चात जयंती प्रमुख राजकुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने गागर में सागर भरते हुए अपने विचार भैया-बहनों के सम्मुख रखे। निहारिका, दिव्यांशी, कनिका आयुष आदि भैया बहनों ने गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की अनेक घटनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के भैया राज चौहान सेनापति ने किया।

# गन्ना उपायुक्त ने किया मिल का निरीक्षण

**किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गन्ना उप आयुक्त मुरादाबाद मंडल सरदार हरपाल सिंह ने गन्ना उत्पादक कृषकों के हितों व शासन की मंशा के अनुसार गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के लिये रिपेरिंग मेटीनेंश जानकारी हेतु चीनी मिल नजीबाबाद का औचक निरीक्षण कर चीनी मिल कारखाने की प्रगति का संज्ञान लिया।

चीनी मिल के प्रधान प्रबन्ध महीपाल सिंह (पीसीएस) ने गन्ना उप आयुक्त को कारखाने का निरीक्षण कराते हुए मिल हाउस 41, बायलर हाउस 40, बायलिंग हाउस 39, पावर हाउस 40 प्रतिशत कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी। प्रधान प्रबन्धक ने साथ ही कहा कि शेष बचा हुआ कार्य गुणात्मक प्रगति से जारी है। मिल के प्रधान प्रबंधक श्री सिंह ने गन्ना उपआयुक्त को चीनी मिल की मृदा परीक्षण लैव , टीशू कल्चर लैव में गन्ना वैराइटी की उन्नत जाति कोशा-0118, कोलख-16202, कोशा-13235 तैयार हो रही पौधों का निरीक्षण कराया। साथ ही पाली हाउस में लहलहाती गन्ना पौधों को भी दिखाया। चीनी मिल के गन्ना फार्म पर अगति प्रजाति का गन्ना बीज गन्ना उत्पादक कृषकों को वितरण के लिये हरे-भरे लहलहाते स्वस्थ गन्ने के खेत को भी दिखाया। चीनी मिल के सी. ए. नीरज पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया मिल इस वर्ष चीनी मिल शुद्ध 51 करोड़ के लाभांश में है, जो पैसा गन्ना मूल्य भुगतान के लिए सुरक्षित है। साथ ही कहा कि चीनी मिल के मुख्य अभियन्ता प्रमोद कुमार ने बरसात से सुरक्षित कर बैगास (खोई) का चट्टा अपने ही संसाधनों से लगवाकर मिल को 5 लाख रूपये का लाभ पहुंचाकर इनाम का काम किया है। गन्ना विकास समिति सचिव वी के शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नजीबाबाद सुनील कुमार सिंह, मुख्य रसायन विद् राधेश्याम गुप्ता, मुख्य मन्ना अधिकारी दमिनेश कुमार राय, आलोक गुप्ता, पंकज रावत, विवेक यादव सहायक अभियन्ता, प्रयोग शालाप्रभारी महीपाल सिंह, टीशू कल्चर लैव/मृदा परीक्षण लैव प्रभारी पवन कुमार मुख्यत: चीनी मिल के औचक निरीक्षण के अवसर पर रहे।



# चातुर्मास्य : 25 जुलाई से 20 नवम्बर तक

## भगवान श्रीहरि विष्णुजी क्षीरसागर में शेषशय्या पर करेंगे विश्राम

### चातुर्मास्य विशेष

भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में प्रत्येक माह की विशेष तिथियों पर पड़ने वाले व्रत-त्यौहार की विशेष महिमा है। मास व तिथियों के संयोग होने पर ही व्रत-पर्व मनाने की धार्मिक परम्परा है। हिन्दू धर्मग्रन्थों के अनुसार हर माह की एकादशी तिथि के दिन भगवान श्रीविष्णुहरि की पूजा-अर्चना का विधान है। आषाढ़ मास के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि देवशयनी, हरिशयनी या पद्मा एकादशी तिथि के रूप में मनाने की धार्मिक व पौराणिक मान्यता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु चार माह के लिए क्षीरसागर में प्रस्थान कर शेषनाग की शय्या पर योगनिद्रा में लीन होकर विश्राम करते हैं। जबकि सृष्टि का संचालन देवाधिदेव महादेव करते हैं। देवशयनी एकादशी से समस्त मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। तिथि-विशेष पर व्रत उपवास रखकर भगवान श्रीविष्णु जी की कृपा प्राप्ति के लिए उनकी पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। आज के दिन घर में तुलसी का पौधा लगाने से यमदूत का भय भी खत्म हो जाता है। भगवान श्रीविष्णु की विशेष अनुकम्पा-प्राप्ति एवं उनकी प्रसन्नता के लिए एकादशी तिथि की रात्रि में मौन रहकर रात्रि जागरण करना चाहिए तथा भगवान श्रीविष्णु जी की महिमा में श्रीविष्णु सहस्रनाम तथा उनके मन्त्र 'ॐ नमो नारायण' या 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का नियमित रूप से अधिकतम संख्या में जप करना चाहिए।



### चातुर्मास्य ( 25 जुलाई से 20 नवम्बर तक )

चातुर्मास्य की अवधि सामान्यत: चार मास की होती है। इसी दिन से चातुर्मास्य के यम-नियम-संयम एवं व्रत प्रारम्भ हो जाते हैं, जो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की देव प्रबोधिनी एकादशी तक चलते हैं। चातुर्मास्य की अवधि चार मास की होती है। चातुर्मास्य में समस्त मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। जबकि धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधानपूर्वक परम्परा के अनुसार सम्पन्न होते रहते हैं।

### चातुर्मास्य पर विशेष

आस्थावान श्रीविष्णु उपासक साधु, सन्त, साधक व गृहस्थजन आषाढ़ शुक्ल एकादशी यानि देवशयनी एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि तक भगवान श्रीविष्णुजी की पूजा-अर्चना करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। चातुर्मास्य की अवधि में अपने परिवार के अतिरिक्त अन्यत्र कुछ भी ग्रहण करने से बचना चाहिए। चातुर्मास्य की अवधि में गुड़, तेल, शहद, मूली, परवल, बैंगन व साग-पात नहीं ग्रहण करना चाहिए और अन्यत्र (अपने परिवार के अतिरिक्त) से प्राप्त दही-भात बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। चातुर्मास्य के व्रत का पालन करने वालों को अन्यत्र भ्रमण नहीं करना चाहिए, एक ही स्थान पर रहकर देव-अर्चना करनी चाहिए।

### भगवान श्रीविष्णुजी होंगे प्रसन्न

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि व्रतकर्ता को अपने दैनिक नित्य कृत्यों से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण कर भगवान श्रीविष्णु जी की श्रद्धा, आस्था भक्तिभाव के साथ पंचोपचार, दशोपचार या षोडशोपचार पूजा-अर्चना करके उनकी कृपा प्राप्त करनी चाहिए, जिससे जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य व सौभाग्य में अभिवृद्धि बनी रहे। मन-वचन कर्म से पूर्णरूपेण शुचिता बरतते हुए तथा ब्रह्मचर्य का पालन के साथ भगवान श्रीविष्णु जी आराधना विशेष फलदायी रहती है। चातुर्मास्य की अवधि में स्नान-ध्यान व श्रीविष्णुजी की पूजा-अर्चना के पश्चात ब्राह्मण को यथासामर्थ्य दक्षिणा के साथ दान करके पुण्यलाभ उठाना चाहिए।



-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन
मो. : 09335414722

# उत्तराखंड सचिवालय सुरक्षा में सेंध!

## पिस्टल लेकर घुसा प्राइवेट गार्ड, मचा हड़कंप

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड सचिवालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गुरुवार को उस समय गंभीर सवाल खड़े हो गए, जब एक कारोबारी का निजी सुरक्षा गार्ड अपनी लाइसेंसी पिस्टल के साथ सचिवालय परिसर के भीतर पहुंच गया। काफी देर तक उसके परिसर में घूमने के बाद जब सुरक्षा और खुफिया तंत्र को इसकी जानकारी मिली तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद गार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई गई। **सुरक्षा में एक बड़ी चूक-** अक्सर अपनी सुरक्षा व्यवस्था और कड़े प्रवेश नियमों को लेकर चर्चा में रहने वाले उत्तराखंड सचिवालय में गुरुवार को सुरक्षा में एक बड़ी चूक सामने आई। एक कारोबारी के साथ आया उसका निजी सुरक्षा गार्ड अपनी निजी पिस्टल के साथ बिना किसी रोक-टोक के सचिवालय परिसर में प्रवेश कर गया। सबसे हैरानी की बात यह रही कि प्रवेश के दौरान न तो उसकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और न ही उसके पास मौजूद हथियार की जांच की गई।

# सूर्यवंशी भारत का वैभव, रचा इतिहास



**हरारे ( एजेंसी/चिंगारी )।** हरारे तेज़ी से वैभव सूर्यवंशी का पसंदीदा मैदान बनता जा रहा है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप फ़ाइनल में शतक लगाकर क्रिकेट की दुनिया को चकित करने के कुछ महीनों बाद, 15 साल के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने गुरुवार को उसी मैदान पर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। वे पुरुषों के टी 20 इंटरनेशनल में अर्द्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए, जब भारत ने पहले टी 20 में ज़िम्बाब्वे को हराया। बाएं हाथ के ओपनर ने एक और निडर पारी खेली और भारत के लक्ष्य का पीछा करने में अहम भूमिका निभाई, साथ ही यादगार अंदाज़ में अपना पहला इंटरनेशनल अर्धशतक पूरा किया। रिचर्ड न्गारावा का सामना करते हुए, सूर्यवंशी ने बॉलर के ऊपर से फ़्लैट-बैटेड शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही; फिर भी उन्होंने तेज़ी से दौड़कर दो रन पूरे कर लिए और इस उपलब्धि को हासिल किया। उन्होंने अपना बल्ला उठाकर टीम के साथियों और खचाखच भरे हरारे के दर्शकों की तालियों का अभिवादन किया। इस तरह उन्होंने अपने उभरते करियर में एक और यादगार अध्याय जोड़ा, उस मैदान पर जो पहले से ही उनकी सफलता का प्रतीक बन चुका है। 15 साल और 118 दिन की उम्र में, सूर्यवंशी ने टी20 में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने जिब्राल्टर के लुइस ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2021 में माल्टा के खिलाफ़ अपना पहला अर्द्धशतक लगाते समय 16 साल और 56 दिन के थे। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों की सूची में इंडोनेशिया के केविन चड्ढा (16 साल, 76 दिन), सिएरा लियोन के अलुसिन तुरे (16 साल, 89 दिन) और भूटान के तेनजिन राबगे (16 साल, 118 दिन) भी शामिल हैं। इस पारी के दौरान सूर्यवंशी ने फ़ुल मेंबर देशों के बीच भी रिकॉर्ड बुक में नया नाम दर्ज कराया। उन्होंने अफ़गानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज़ का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 2019 में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ अपना पहला टी 20 अर्द्धशतक लगाते समय 17 साल और 296 दिन के थे। अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा परिपक्वता दिखाते हुए, सूर्यवंशी ने शानदार शॉट खेलने के साथ-साथ विकेटों के बीच समझदारी से दौड़कर भारत को लक्ष्य का पीछा करने में मज़बूती से आगे बढ़ाया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड, बिजनौर

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः- 01/ई0ई0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सिविल कार्य हेतु श्रेणी-"सी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से मुहर बन्द निविदायें फिक्स दरों पर दिनांकः 10.08.2026 की अपरान्ह 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 11.08.2026 अपराहन् 01.00 बजे अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बिजनौर के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक दिनांकः 01.08.2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांकः 10.08.2026 की अपरान्ह 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बिजनौर से ऐसे निविदादाता जो निम्नलिखित नियम व शर्ते पूरी करते हो निम्नानुसार निर्धारित शुल्क नकद रूप में जमा कर एवं वॉछित अभिलेखों की मूल प्रतियां एवं सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्राप्त कर सकते है। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र सिंचाई विभाग की वेबसाईट http://www.idup.upgov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। प्रस्तुत निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य नकद/ अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बिजनौर के नाम देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर/डी0डी0 के रूप में निम्नांकित तालिका के अनुसार लॉटवार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0टी0 मूल्य का बैंक ड्राफ्ट पृथक-पृथक (भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का होना चाहिए) निविदा ऑफर के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा-प्रपत्र का मूल्य उपलब्ध न कराने की स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निवदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विभाग में पंजीकरण, जिलाधिकारी के स्वयं के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1) तथा हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2) की मूल प्रतियां प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित प्रतियां ठेकेदार अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा ऑफर के साथ जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र जिसमें प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो, भी निर्धारित शुल्क तथा उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा-प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड बिजनौर के पक्ष में बन्धक होगी जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।

| लॉट स0 | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Boundary Wall at Division office (Tubewell division Bijnor) as per drawing including all the cost of material, T&P and labour but excluding the cost of cement (cement will be provided by the department) RATE WITHOUT GST. | BOQ के अनुसार | 7.86 | 15800.00 | 60 दिन | 225+18%GST + Rs 500 stationary | "सी" एवं उच्चतर |

नोटः- उक्त निविदा धनावंटन एवं अन्य स्वीकृतियों की प्रत्याशा में आमन्त्रित की जा रही है, जिनके प्राप्त होने पर ही टेण्डर खोलने/अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। अन्यथा की दशा में निविदाऐं निरस्त की जा सकती है।

निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते एवं विशिष्टियां निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगीं तथा उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट http://upgov.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://www.idup.upgov.in पर भी उपलब्ध रहेगीं।

R.O.No. 254000 Date: 22-07-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड, बिजनौर

# भाजपा सरकारों के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला किया दहन

कोटद्वार (चिंगारी)। भाजपा की केंद्र सरकार एवं भाजपा शासित प्रदेश सरकारों के शासन काल में भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने, नीट पेपर लीक होने से छात्र छात्राओं द्वारा आत्महत्या करने, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को को गिरफ्तार करने, आंदोलित छात्रों पर निर्मम लाठी चार्ज किए जाने के विरोध एवं छात्रों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग को लेकर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष यमकेश्वर अनिल रतूड़ी, कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, द्वारीखाल ब्लाक अध्यक्ष संजय तोमर व ब्लाक अध्यक्ष दुगड्डा राजीव जखमोला की सयुंक्त अगुआई में यमकेश्वर बिधानसभा क्षेत्रांतर्गत की जनता एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने ब्लाक मुख्यालय बिथ्याणी में प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और देश के राष्ट्रपति को उपजिलाधिकारी यमकेश्वर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही हैं। वहीं युवा अगर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं तो उन पर लाठी चार्ज किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दियासाथ ही चेतावनी भी दी कि यदि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा नही दिया तो पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर व्यापक स्तर पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाने के लिए बाध्य होंगे।

पुतला दहन में डॉ. कृत सिंह नेगी, बैशाख सिंह पयाल, क्रांति कपरवाण, राजेंद्र सिंह, रमेश नेगी, गंभीर सिंह भंडारी, देवेन्द्र सिंह, संजय लखेड़ा, हर्ष मोहन बडोला और नवीन सिंह सहित क्षेत्रीय जन शामिल रहे।

## बार एसोसिएशन ने करके प्रदर्शन धरने को दिया समर्थन

कोटद्वार (चिंगारी)। नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली में हो रहे धरना-प्रदर्शन को कोटद्वार बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भी अपना समर्थन दिया है। इस संबध में अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायालय सिमलचौड़ में प्रदर्शन किया और जंतर-मंतर में हो रहे धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है और जिन बच्चों ने डाक्टर बनने का सपना देखा था, उनका सपना धराशायी हो गया है। यह केंद्र सरकार की विफलता है। वहीं सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज करवा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति से मांग की कि केंद्र सरकार को तत्काल बर्खास्त कर देश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए तथा नीट जैसी परीक्षाओं को संपन्न कराने के लिए कठोर कानून बनाया जाए और ऐसी प्रक्रिया अपनाई जाए, जिससे आने वाले समय में कोई पेपर लीक न हो। प्रदर्शन करने वालों में अरविंद वर्मा, प्रवेश रावत, अविरल पंत, सुनील खत्री, शौर्य सिंह, मुकेश जखमोला, शुभम कुमार, विकास कुमार, कुंवर सिंह आर्य और रविंद्र जजेड़ी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## एमवीएम में 'मैंगो डे' मनाया आम के महत्व को बताया

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 और कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए मैंगो डे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फलों के राजा आम के पोषण महत्व से परिचित कराना तथा खेल-खेल में सीखने की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में सभी नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी पीले परिधान पहनकर विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने आम पर आधारित चित्रकला, क्राफ्ट, कविता, गीत, नृत्य तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षिका सरिता घिल्डियाल ने विद्यार्थियों को आम के विभिन्न प्रकार, उसके पोषण गुण व स्वास्थ्य लाभ पर जानकारी दी। प्रधानाचार्य रवीन्द्र सिंह गुसाईं ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय सदैव बच्चों के समग्र विकास हेतु नवाचारी गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बारिश हो रही लगातार, ध्वस्त हुई सुरक्षा दीवार सड़क पर पड़े पत्थरों से आना-जाना हुआ दुश्वार

कोटद्वार (चिंगारी)। नगर निगम के अंतर्गत काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने के दौरान सड़क किनारे की मिट्टी अत्यधिक खोदे जाने तथा लगातार हो रही बारिश के कारण सुरक्षा दीवार ध्वस्त होने और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर गिर जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा, इस संबध में कोई कार्रवाई न होने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने उन्हें अवगत कराया कि सुरक्षा दीवार धंसने और सड़क पर पत्थर गिरने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने मौके से ही संबंधित विभाग के शीर्ष अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर मामले का तत्काल संज्ञान लेने तथा सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने को कहा। बताया कि अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएगी तथा सुरक्षा दीवार का पुनर्निर्माण एवं सड़क से मलबा हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

## हरेला कार्यक्रम के अन्तर्गत रोटरी क्लब ने जीजीआईसी में लगाये पौधे

कोटद्वार (चिंगारी)। रोटरी क्लब की ओर से हरेला कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। क्लब अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है, ऋतुएं अपनी प्रकृति बदल रही हैं। इस असंतुलन को पौधारोपण करके ही रोका जा सकता है। तत्पश्चात छात्राओं, विद्यालय के कर्मचारियों व क्लब के सदस्यों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर क्लब सचिव बीना रावत, धनेश अग्रवाल, वाई.पी. गिलरा, विपिन बक्शी और शरत चंद्र गुप्ता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 'प्रत्येक व्यक्ति मां के नाम एक पौधा जरूर लगाये'

### भैरव गढ़ी मंदिर परिसर में किया पौधारोपण

कोटद्वार (चिंगारी)। श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा पौराणिक श्री भैरवगढी मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बांज, देवदार, आंवला, बरगद, नीम, छितवन, सिल्वर, ओक, बांस सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष आर.पी पंत की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि पौधे जहां हमें प्राणवायु आक्सीजन देते है वही दूसरी तरफ वन्यजीवो कों आवास, पक्षियों को घर तथा मनुष्यों को फल, फूल छाया एवं ईंधन भी उपलब्ध कराते है। यदि इनका संरक्षण नहीं किया गया भविष्य में भूस्खलन, प्राकृतिक जल स्त्रोतो में पानी की कमी, जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेगें। सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज विकास के युग में मानव द्वारा पर्यावरण को लापरवाही से प्रदूषित किया जा रहा है। बढ़ते पालीथीन के उपयोग से जगह-जगह प्लास्टिक का कचरा फेंका हुआ मिल रहा है। जिसके उत्सर्जन से एक विषैली गैस निकलती है जो कि सीधे ओजोन परत को भेदने का कार्य करती है। साथ ही जमीन की उर्वरक क्षमता को भी भारी नुकसान पंहुचाती है। उन्होंने आग्रह किया कि मंदिर परिसर एवं मार्ग में कूड़ेदान रखे जाने चाहिए। समिति के अध्यक्ष आर.पी. पंत ने लोगों से अपील की कि माँ के नाम एक पेड़ जरूर लगाए और उसकी सुरक्षा का संकल्प लें। इस अवसर पर प्रकाश हेमदान, सुनील नेगी, विनय रावत, उमेश सिंह नेगी, डी.आर. बौंठियाल, अनिल सिंह रावत, शैलेन्द्र कुमार, प्रेमप्रकाश मंजेडा, शान्ता कुमार, हिमांशु नौटियाल आदि मौजूद थे।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## पुलिंडा मोटर मार्ग पर खाई में गिरी, लावारिस मोटर साइकिल मिली

## पुलिस मालिक का पता लगाने का कर रही प्रयास

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार क्षेत्र के पुलिंडा मोटर मार्ग पर जामुन बैंड के पास हरियाणा नंबर की एक मोटरसाइकिल के गहरी खाई में लावारिस हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बाइक को रस्सियों के सहारे खाई से निकालकर कोतवाली पहुंचाया और मोटर साइकिल मालिक का पता लगाने के प्रयास आरंभ कर दिये।


कोटद्वार क्षेत्र के पुलिंडा मोटर मार्ग पर खाई में गिरी मोटरसाइकिल को निकालती पुलिस टीम।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशिभूषण जोशी ने बताया कि गुरूवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात एक हेड कांस्टेबल को गिंवई सोत से पुलिंडा की ओर जाने वाले मोटर मार्ग पर जामुन सोत के पास सड़क से नीचे खाई में एक मोटरसाइकिल के गिरे होने और आसपास कोई नहीं होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वे टीम सहित घटना स्थल पर पहुंचे और मोटर साइकिल को खाई से बाहर निकालकर कोतवाली पहुंचाया। बताया कि आसपास की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को कोई नहीं मिला। ई-चालान मशीन से जांच करने पर मोटर साइकिल हरियाणा के गुरूग्राम निवासी जुनैद पुत्र मोहम्मद के नाम पर पंजीकृत पाई गई, वहीं पुलिस ने वाहन से जुड़े मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल स्विच आफ मिला। फिलहाल पुलिस ने मोटर साइकिल को सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली में रखवा दिया है और मोटर साइकिल के मालिक और चालक का पता लगाने के साथ ही मामले की जांच आरंभ कर दी है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 27वें दिन खत्म

## नड्डा ने जूस पिलाया, वांगचुक बोले- तीन मांगों पर लिखित आश्वासन मिला, इनमें प्रधान का इस्तीफा शामिल नहीं



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पेपर लीक के मुद्दे और केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने गुरुवार रात को अपना अनशन तोड़ दिया। वह गत 28 जून से अनशन पर थे। श्री वांगचुक ने केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह तथा जेपी नड्डा की मौजूदगी में गुरुग्राम के मेदान्ता अस्पताल में अपना अनशन तोड़ा। श्री वांगचुक ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बैनर तले राष्ट्रीय राजधानी में जंतर-मंतर पर 28 जून से अनशन शुरू किया था। पुलिस ने उनके बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुये शनिवार को उन्हें जंतर-मंतर से जबरन हटाकर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया था उसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के दखल और श्री वांगुचुक की इच्छा के अनुरूप उन्हें मेंदान्ता अस्पताल में भर्ती किया गया था। श्री नड्डा तथा श्री जितेन्द्र सिंह ने मंगलवार को अस्पताल जाकर श्री वांगचुक से मुलाकात की थी और उनसे अपना अनशन समाप्त करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि सरकार पेपर लीक से जुड़े मामलों में उचित कदम उठा रही है। इसके बाद श्री वांगचुक ने दोनो मंत्रियों के नाम एक खुला पत्र लिखा था और उनसे मिले आश्वासन का उल्लेख करते हुये कहा था कि यदि सरकार उन्हें यह आश्वासन भी दे की प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जायेगी तो वह अपना अनशन तोड़ देंगे।


MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
ENGLISH CONVERSATION
URDU & SANSKRIT
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number
Cont. No.: 9634289199

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044




Requirement
A Full time/Part time Pathologist (MBBS M.D Path) required. Intersted candidates contact in following number
Contact no. 9897789516

आवश्यकता है
मंगला हास्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी Nursing Staff की (Male/Female)
वेतन योग्यता अनुसार
मंगला हॉस्पिटल
शक्ति चौक, बिजनौर
संपर्क : सवेरे 11बजे से सायं 4 बजे तक

